**भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर-452001**

**फ़ाइल् क्रमांक. प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिसिटी/2022/52**

# *भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर द्वारा किया गया हिंदी पखवाड़ा 2022 का आयोजन*

भारत सरकार की राजभाषा अधिनियम के अनुपालन में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला में भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर द्वारा प्रति वर्ष आयोजित होने वाले "हिंदी पखवाड़ा - 2022" का आयोजन दिनांक 16 - 29 सितम्बर 2022 को किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की प्रभारी राजभाषा अधिकारी डॉ पूनम कुचलन एवं संचालन श्री रविशंकर कुमार द्वारा किया गया। इस 14 दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताओं, जैसे - श्रुति लेखन, मौलिक हिंदी स्लोगन, टिप्पण लेखन, निबंध लेखन और प्रश्न मंच का आयोजन किया गया साथ ही हिंदी प्रोत्साहन योजना को भी इस कार्यक्रम में लागू किया गया। दिनांक 23 सितम्बर को इस कार्यक्रम में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत अतिथि वक्ता डॉ जयश्री बंसल सहायक निदेशक, मानव संसाधन विभाग, देवी अहिल्या विश्वविध्यालय, इंदौर द्वारा हिंदी के महत्व को समझाया गया साथ ही उन्होंने हिंदी के प्रारंभिक दौर से लेकर वर्तमान समय में इस भाषा की प्रासंगिकता से भी सभी श्रोतागणों को अवगत करवाया। दिनांक 29 सितम्बर 2022 को हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ, जिसमे सभी पात्र प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समापन पर संस्थान के डॉ संजय गुप्ता, प्रभारी निदेशक द्वारा सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने का अनुरोध किया गया।

.................................................................




भा.कृ.अनु.प. - भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान
ICAR-INDIAN INSTITUTE OF SOYBEAN RESEARCH
(ISO 9001:2015 Certified Organization)




हिन्दी कार्यशाला


कार्यक्रम अवधि: 16- 29 सितम्बर, 2022
समापन समारोह
आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।




कार्यक्रम अवधि: 16- 29 सितम्बर, 2022
समापन समारोह


भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इन्दौर
द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़ा-2022 में आप सभी का
स्वागत एवं अभिनन्दन
कार्यक्रम अवधि: 16- 29 सितम्बर, 2022
समापन समारोह